प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

31 मई 2023

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – मई 2023

मई 2023 के महीने के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों से संबंधित आंकड़ा।

मुख्य विशेषताएं:

उधार दरें:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत ऋण दर (डब्ल्यूएएलआर) मार्च 2023 में 9.32 प्रतिशत से 23 आधार अंक (बीपीएस) घटकर अप्रैल 2023 में 9.09 प्रतिशत हो गई।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर मार्च 2023 में 9.72 प्रतिशत से 4 बीपीएस बढ़कर अप्रैल 2023 में 9.76 प्रतिशत हो गया।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निधि का सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की 1-वर्ष की माध्यिका मई 2023 में 8.60 प्रतिशत पर यथावत् बनी रही।

जमा दरें:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया सावधि जमा पर भारित औसत घरेलू सावधि जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) मार्च 2023 में 6.48 प्रतिशत से 12 बीपीएस घटकर अप्रैल 2023 में 6.36 प्रतिशत हो गई।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बकाया रुपया सावधि जमाराशियों पर भारित औसत घरेलू सावधि जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) मार्च 2023 में 6.16 प्रतिशत से 12 बीपीएस बढ़कर अप्रैल 2023 में 6.28 प्रतिशत हो गई।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/314